PREMIUM
पेट सफा
LAXATIVE GRANULES
अब अजवायन के दानों वाला स्पैशल प्रीमियम पेट सफा
प्रीमियम पेट सफा ग्रैन्यूल्स में शुद्ध अजवायन को पेट सफा के मिश्रण के साथ Special Coat किया गया है। यह इतना शुद्ध एवं आकर्षक है कि हर दाना अलग-अलग खनकता है। यह हमारी कई वर्षों की मेहनत एवं रिसर्च का नतीजा है कि पेट सफा प्रीमियम ग्रैन्यूल्स आपको पहले दिन ही बहुत पसंद आएगा एवं प्रभावी परिणाम दिखाएगा।
यहाँ से भी खरीदें amazon | Flipkart | blinkit | zepto
24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com • Available at all medical & general stores

हुरुन इंडिया की रिपोर्ट : 2,593 करोड़ रुपये दान कर शिव नादर नंबर-1, दूसरे स्थान पर अडानी व परिवार...दान किए 877 करोड़

भारत के शीर्ष 10 अमीरों में सिर्फ चार ही टॉप-10 दानवीरों में शामिल

नई दिल्ली। भारत के सबसे अमीर उद्योगपतियों की दौलत भले ही तेजी से बढ़ रही हो, लेकिन दान करने के मामले में ज्यादातर ने अपने कदम रोककर ही रखे हैं। 'एडेलगिव हुरुन इंडिया फिलैंथ्रॉपी लिस्ट 2026' और हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2026' के अनुसार देश के शीर्ष 10 अमीरों में से केवल 4 ही भारत के टॉप-10 दानवीरों की सूची में जगह बना पाए हैं।

एचसीएल के संस्थापक शिव नादर और उनके परिवार ने लगातार पांचवें साल भारत के सबसे बड़े दानवीर होने का तमगा बरकरार रखा है। उन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 में मुख्य रूप से शिक्षा और कला के क्षेत्र में 2,593 करोड़ रुपये दान किए। वहीं, गौतम अडानी और परिवार 877 करोड़ रुपये का दान कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया। मुकेश अंबानी और परिवार 620 करोड़ रुपये दान कर चौथे स्थान पर है। वहीं, सायरस व अदार पूनावाला 336 करोड़ के दान के साथ लिस्ट में सातवें स्थान पर हैं। एजेंसी

दान में 11% का उछाल, 4 गुना बढ़े नए दानवीर

वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 219 दानवीरों ने मिलकर कुल 11,554 करोड़ रुपये दान किए हैं, जो पिछले साल के 10,380 करोड़ रुपये के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष सूची में कुल दानदाताओं की संख्या 192 से बढ़कर 219 हो गई है, जबकि पहली बार इस सूची में शामिल होने वाले नए चेहरों की संख्या पिछले साल के 12 से करीब चार गुना बढ़कर 45 पर पहुंच गई है।


शिव नादर | गौतम अडानी | मुकेश अंबानी

रोहिणी 215 करोड़ के साथ देश की सबसे बड़ी महिला दानवीर

इस साल की दानवीरों की सूची में महिलाओं की संख्या पिछले साल के 24 से बढ़कर 29 हो गई है, जो कुल सूची का करीब 13 प्रतिशत है। रोहिणी नीलेकणि 215 करोड़ के दान के साथ दसवें स्थान पर रहीं। रोहिणी देश की सबसे बड़ी महिला दानवीर भी बनी हैं। बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ ने विज्ञान, शोध और कला के क्षेत्र में 93 करोड़ दान किए।


रोहिणी

टॉप-10 दानदाताओं ने दान किए 6,572 करोड़

दानवीर का नाम	दान राशि	कुल संपत्ति
1. शिव नादर और परिवार	2,593 करोड़	2,78,500 करोड़
2. गौतम अडानी परिवार	877 करोड़	9,22,800 करोड़
3. बजाज परिवार	632 करोड़	7,12,700 करोड़
4. मुकेश अंबानी-परिवार	620 करोड़	8,63,400 करोड़
5. नंदन नीलेकणि	380 करोड़	23,000 करोड़
6. केएम बिड़ला-परिवार	366 करोड़	2,68,700 करोड़
7. सायरस-अदार पूनावाला	336 करोड़	3,03,400 करोड़
8. सुधीर और समीर मेहता	334 करोड़	1,89,400 करोड़
9. रंजन पई और परिवार	219 करोड़	33,500 करोड़
10. रोहिणी नीलेकणि	215 करोड़	3,550 करोड़

शिक्षा को मिला सबसे बड़ा हिस्सा : दान की गई कुल राशि में सबसे बड़ा हिस्सा शिक्षा के क्षेत्र को मिला है, जहां 4,188 करोड़ रुपये (कुल दान का 36 प्रतिशत) खर्च किए गए। दूसरे स्थान पर स्वास्थ्य सेवाएं रहीं।

मणिपुर से उड़ा तो सोमालिया के तट पर ही रुका 150 ग्राम का पक्षी

बिना रुके 4 दिन में अलंग पक्षी ने पूरी की 5,700 किलोमीटर की समुद्री यात्रा

इंफाल। अलंग नाम के एक सैटेलाइट-टैग्ड अमूर बाज ने मणिपुर से उड़ान भरकर सोमालिया के तट तक की 5,700 किलोमीटर की दूरी मात्र 101 घंटे (4 दिन और 5 घंटे) में बिना कहीं रुके, खाए या पानी पिए पूरी की।

महज 150 ग्राम का पक्षी शनिवार को सुबह 5:30 बजे सोमालिया पहुंचा। भारतीय वन्यजीव संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. आर. सुरेश कुमार के अनुसार, इसके साथ टैग किए गए एक अन्य नर बाज 'अपापांग' ने प्रायद्वीपीय भारत के ऊपर से थोड़ा अलग रास्ता अपनाया और वह अरब सागर के ऊपर 95 घंटे की लगातार उड़ान में 4,100 किलोमीटर की दूरी तय कर चुका है। एजेंसी

मणिपुर में दीमक खाकर जमा की थी ऊर्जा

इन दोनों पक्षियों को बीते साल नवंबर में मणिपुर के तामेंगलोंग जिले के चिउलुआन में सैटेलाइट ट्रांसमीटर लगाया गया था। 23 देशों से होते हुए अपना 20,000 किलोमीटर का वार्षिक सफर पूरा करने के बाद, ये इस साल अक्तूबर के अंत में वापस तामेंगलोंग लौटे थे। अरब सागर पार करने से पहले इन्होंने यहां करीब 25 दिनों तक दीमक खाकर अपने शरीर में पर्याप्त चर्बी (ऊर्जा) जमा कर ली थी।



इन्सानी नाक से मुकाबला कर रही एआई तकनीक

अब कंप्यूटर भी सूंघकर बता देगा असली-नकली का फर्क

नई दिल्ली। क्या आप यकीन करेंगे कि एक नवजात शिशु के शरीर की भीनी-भीनी महक और ताजा पके हुए पास्ता की खुशबू के रासायनिक अणु आपस में काफी हद तक मिलते-जुलते हैं? यह कोई पहेली नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दुनिया में हो रहे एक अनोखे शोध का नतीजा है।

अमेरिका के न्यू जर्सी में नेवार्क हवाई अड्डे के पास स्थित एक प्रयोगशाला में करीब 30 अनुभवी 'ह्यूमन स्निफर्स' (सूंघने के विशेषज्ञ) दिनभर दुनिया की हर चीज को सूंघकर उनके नोट्स तैयार कर रहे हैं। एआई स्टार्टअप 'ऑस्मो' का दावा है कि उसने कंप्यूटर को सूंघने की शक्ति दे दी है और उसका एआई मॉडल अब इंसानी नाक जितना ही सक्षम हो गया है।

नकली जूतों की पहचान से लेकर मच्छर भगाने तक में इस्तेमाल : ऑस्मो की इस तकनीक का इस्तेमाल केवल इत्र बनाने तक सीमित नहीं है। ऑनलाइन मार्केटप्लेस 'स्टॉकएक्स' के साथ मिलकर यह कंपनी महक के जरिये असली और नकली जूतों (स्नीकर्स) के बीच अंतर पहचानने पर काम कर रही है, क्योंकि दोनों में इस्तेमाल होने वाले पदार्थों की रासायनिक संरचना अलग होती है। इसके अलावा, गेट्स फाउंडेशन के अनुदान से ऑस्मो ने ऐसे आठ नए पदार्थों की खोज की है। एजेंसी

सिर्फ लिखिए...तैयार हो जाएगा मनपसंद परफ्यूम

2023 में गूगल ब्रेन से निकले वैज्ञानिक एलेक्स विल्ट्रश्को द्वारा शुरू की गई इस कंपनी ने एक ऐसी प्रणाली विकसित की है, जो महक के अणुओं को 80 करोड़ 'सेंट टोकन' और 1 करोड़ से अधिक मानवीय विवरणों के जरिए समझती है। कंपनी के पास स्कूल बस के आकार का एक 'स्मेल-प्रिंटिंग रोबोट' है। आप लैपटॉप पर चैटजीपीटी की तरह टाइप करके अपनी पसंद बता सकते हैं, जैसे 18 से 23 साल के युवाओं के लिए पुर्तगाली कस्टर्ड टार्ट जैसी महक वाला परफ्यूम और यह सिस्टम कुछ ही मिनटों में उसका रासायनिक फॉर्मूला तैयार कर देता है। पिछले महीने ही इस एआई मॉडल ने दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता वस्तु कंपनियों में से एक के इन-हाउस परफ्यूम विशेषज्ञों को भी पीछे छोड़ दिया।



- **विशेषज्ञों ने उठाए सवाल : संदर्भ के बिना धोखा खा सकता है एआई :** हालांकि, हर कोई एआई आधारित इस दावे से पूरी तरह सहमत नहीं है। यूनिवर्सिटी ऑफ हर्टफोर्डशायर के पूर्व प्रोफेसर माइकल श्मुकर कहते हैं कि गंध को समझने में 'संदर्भ' बहुत मायने रखता है।
- बकौल श्मुकर फ्रेंच चीज (कैमेम्बर्ट) और इस्तेमाल किए गए डायपर की गंध में कुछ एक जैसे रासायनिक अणु होते हैं, लेकिन इंसान संदर्भ के आधार पर दोनों का फर्क तुरंत समझ लेता है। ऐसे में इस तकनीक और सेंसर को अभी लंबा सफर तय करना होगा।

ट्रंप की प्रेस सचिव रहीं कैरोलिना लेविट की सलाह

घटती आबादी चिंताजनक...ईसाई शादी करें, ज्यादा बच्चे पैदा करें

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव अभियान और फिर व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव रहीं कैरोलिना लेविट ने ईसाइयों को सलाह दी है कि वह शादी करें और ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करें। दरअसल, लेविट दुनिया में ईसाइयों की आबादी घटने की प्यू रिसर्च सर्वे की हालिया रिपोर्ट से खासी चिंतित हैं। इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2035 तक दुनिया की आबादी ईसाइयों को पीछे छोड़कर मुस्लिमों की सबसे बड़ी हिस्सेदारी हो जाएगी।



व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव का पद छोड़ने के बाद अब बतौर कंट्रीब्यूटर फॉक्स न्यूज से जुड़ चुकीं कैरोलिना लेविट ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्यू की वह रिपोर्ट साझा की जिसमें बताया गया है कि 2035 तक मुस्लिमों की संख्या ईसाइयों से ज्यादा हो जाएगी। साथ ही लिखा-शादी करें, ज्यादा बच्चे पैदा करें, उन्हें चर्च के संस्कार सिखाते हुए बड़ा करें और उन्हें अमेरिका से प्रेम करना सिखाएं। लेविट की यह पोस्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों का विषय बन गई है। इस बयान ने अमेरिका में परिवार, धर्म और जनसांख्यिकी से जुड़ी पुरानी बहस को हवा दे दी है। धार्मिक समूहों ने उनके संदेश को सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करने वाला बताया है। एजेंसी

दावा : एआई के जरिये सुलझाई 167 साल पुरानी गणितीय पहेली

वाशिंगटन। अमेरिकी एआई कंपनी एंथ्रोपिक के शोधकर्ता और गणितज्ञ लेवेंट अल्पोगे ने कंपनी के एआई मॉडल क्लॉड की मदद से 167 साल पुरानी सबसे प्रसिद्ध गणितीय पहेली 'रीमैन परिकल्पना' को सुलझाने का दावा किया है। जर्मन गणितज्ञ बर्नहार्ड रीमैन ने 1859 में यह पहेली दी थी। यह दुनिया की उन सात सबसे कठिन गणितीय समस्याओं में शामिल है। एजेंसी

अमर उजाला
यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।
अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें
1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक
circulation@amarujala.com

शरीर को डिटॉक्स (Detox) करे इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार CLINICALLY TESTED
पेट गैस
जलन
बदहजमी
गट हेल्थ
कब्ज
मुँह की दुर्गंध
कील मुहांसे
झड़ते बाल
ध्यान लगाने में परेशानी (ADHD)
गले में खराश
कफ खांसी
सांस रोग
एलर्जी
चर्म रोग
चक्कर आना
याददाश्त
छाईयां और झुर्रियां
हाथ पैर सुन्न होना
जोड़ों के दर्द में सहायक
JOLLY तुलसी 51 ड्रॉप्स
5-5 बूँदें सुबह शाम, स्वस्थ निरोगी जीवन में मददगार
अच्छे मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध 95925-52000 JOLLYorganic.com

गैसानोंल
GASSANOL
for registered medical practitioner
गैस - ऐसिडिटी - बदहजमी में 54 वर्षों का भरोसा
SS; Vinod Marketing - Ghaziabad - 9810124710
Buy now www.auriopharma.com

पन्नू मामले में रॉ के पूर्व प्रमुख व डोभाल को अमेरिकी समन

नई दिल्ली/ वाशिंगटन। खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू से जुड़े एक मामले में अमेरिकी अदालत ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल को समन भेजा है।

आतंकवाद से जुड़े आरोपों में भारतीय जांच एजेंसियों को पन्नू की तलाश है। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिला कोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि यह समन पटियाला हाउस कोर्ट, तीस हजारी कोर्ट व द्वारका जिला कोर्ट को भेजा गया है। जज कैथरीन पोल्क फेला ने भारतीय अदालतों से अनुरोध किया है कि वे दीवानी मामले में प्रतिवादियों तक समन पहुंचाने में मदद करें। एजेंसी

बुलंदशहर : साढ़े तीन साल की बच्ची की निर्मम हत्या, बलि देने की आशंका

बुलंदशहर। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अवंतीनगर में शनिवार सुबह 11 बजे से लापता साढ़े तीन साल की मासूम मान्या की हत्या कर दी गई। रात करीब आठ बजे उसका शव घर से कुछ दूरी पर ही एक घर में किराए पर रहने वाली महिला के कमरे से बरामद किया गया।

मौके से मिले साक्ष्यों को देखकर बच्ची की बलि की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक जिस कमरे में बच्ची का शव मिला वहां बिस्तर के चारों ओर खड़िया से कुछ बच्चों के नाम लिखे हुए थे और तंत्र क्रिया करने की सामग्री बिखरी पड़ी थी।

एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। ब्यूरो

punjab national bank
...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)
ई-नीलामी सूचना
कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 4 सैक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली - 110075
रिकवरी सेक्शन, सर्कल कार्यालय : बेय 21-22, चौथी मंजिल, सेक्टर - 12, करनाल • Email : coknisamd@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों हेतु ई-नीलामी सूचना

ई-नीलामी की तिथि एवं समय :
क्रम सं.1 हेतु : 24.12.2026 से पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे
क्रम सं.2 हेतु : 18.12.2026 से पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्त्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनः निर्माण तथा प्रवर्त्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।
आम जनता विशेष रूप से ऋणकर्ता(ओं), एवं गारंटर(ओं) को एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति ऋणदाता को रहन/प्रभारित निम्न वर्णित अचल संपत्तियों का निर्माणात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा जोकि, बैंक/प्रतिभूति ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को सम्बन्धित ऋणकर्ताओं व गारंटरों से बैंक/प्रतिभूति ऋणदाता को देय इसकी बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न तालिका में निर्दिष्ट अनुसार तिथियों पर "जैसे है जहां है" "जैसे है जो है" एवं "जो कुछ भी वहां है" के आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित कीमत एवं जमा धरोहर राशि सम्बंधित संपत्तियों के प्रति निम्न तालिका में निर्दिष्टानुसार होगी।

प्रतिभूति आस्तियों की अनुसूची

शाखा का नाम ऋणकर्ता/गारंटरों खाता के नाम एवं पते	अचल संपत्ति का ब्यौरा (रहन/स्वामी का नाम)(संपत्तियों के रहनकार)	ए) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना तिथि बी) बकाया राशि सी) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा तिथि डी) कब्जे की प्रकृति सांकेतिक/भौतिक/निर्माणात्मक	ए. आरक्षित कीमत बी. ईएमडी सी. बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तिथि एवं समय
1. शाखा कार्यालय - मेहलांवाली(121410) यमुनानगर ऋणकर्ता : (1) श्री सोहन लाल पुत्र श्री राम सरन तेजली कॉलोनी (महात्मा गांधी ग्रामीण कॉलोनी) गैस गोदाम के समीप, नि. 502, गांव तेजली, सांई मंदिर गली,	म्यूटेशन नं. 7671 के साथ पठित सब रजिस्ट्रार जगाधरी के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत गिफ्ट डीड नं. 8728 दिनांक 06/11/2015 द्वारा तथा जमाबंदी वर्ष 2017-2018 द्वारा स्वामित्व वाला मौजा तेजली, एच.बी. नं. 409, मौसूमा तेजली कॉलोनी (महात्मा गांधी ग्रामीण कॉलोनी) गैस गोदाम के समीप, एम.सी. यमुनानगर जगाधरी की सीमा में, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर-135003 (हरियाणा में स्थित खेवत नं. 661//590 मिन, खतौनी नं. 962 से 964 खसरा नं. 948 मिन, 1057, 946/3/2/1, 948 मिन, 949 में शामिल 45 बी-05बी माप भूमि में से 2/905 भाग अर्थात 100 वर्ग गज अर्थात 00 बी-02बी माप की पीपीआई डी नं. 1K43YAD8 वाला प्लॉट नं. 60 पर मकान की सभी जरूरी चीजें। सीमाएं निम्नानुसार हैं : उत्तर : 45'- सिंगा राम का प्लॉट नं. 59, दक्षिण : 45'- सोहन लाल का प्लॉट नं. 61, पूर्व: 20' सुनील कुमार का प्लॉट नं. 55, पश्चिम : 20' गली-20' चौड़ी।	A) 13(2): 15.07.2026 B) Rs. 9,88,351.40 + भावी ब्याज + उस पर होने वाले खर्च C) 13(4): 23.09.2026 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 18,85,000/- B) Rs. 1,88,500/- C) Rs. 10,000/-	24.12.2026 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे
पीओ फतेहपुर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर-135001 (2) श्री राम सरन पुत्र श्री माम चंद (सह-ऋणकर्ता) तेजली कॉलोनी (महात्मा गांधी ग्रामीण कॉलोनी) गैस गोदाम के समीप, नि. 502, गांव तेजली, सांई मंदिर गली, पीओ फतेहपुर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर-135001				
2. शाखा कार्यालय - भगवानगढ़ ऋणकर्ता: श्री मुनीष कुमार शर्मा पुत्र श्री परवेश कुमार नि.# 33, पृथ्वी नगर, फारकपुर, यमुनानगर जिला यमुनानगर	सब रजिस्ट्रार, जगाधरी के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत रजिस्टरड ट्रांसफर डीड नं. 7319, दिनांक 31-10-2019 द्वारा श्री मुनीष कुमार शर्मा पुत्र श्री परवेश शर्मा के नाम पर मौजा फारकपुर यमुनानगर नगर सीमा में, नगर निगम यमुनानगर जगाधरी तहसील जगाधरी जिला यमुनानगर में स्थित 113.33 वर्ग गज माप की संपत्ति आईडी 337C416U94 वाले आवासीय मकान सं. 33 की सभी जरूरी चीजें। सीमाएं निम्नानुसार : उत्तर: 17' गली, 15 फुट चौड़ी, दक्षिण: 17', अन्य का मकान, पूर्व: 60' वेद प्रकाश का मकान, पश्चिम: 60' अशोक कुमार का मकान नोट : इस संपत्ति के संबंध में सिविल सुईट : सीएस/410 सिविल कोर्ट, यमुना नगर के समक्ष लंबित है।	A) 13(2): 02.08.2022 B) Rs. 15,73,069.15+ भावी ब्याज + उस पर होने वाले खर्च 13(4): 13.10.2022 D) भौतिक कब्जा	A) 16,25,000/- B) 1,62,500/- C) 10,000/-	18.12.2026 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे

स्थानीय निकायों/राज्य/केन्द्रीय सरकार, एवं अन्य निकायों को देय राशि बैंक को ज्ञात नहीं है।
नियम एवं शर्तें : बिक्री निम्न अतिरिक्त शर्तों एवं प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों के विषय में होगी:-
(1) सम्पत्ति की बिक्री "जैसे है जहां है आधार" "जैसे है जो है आधार" एवं "जो कुछ भी है जहां है आधार" पर की जाएगी।
(2) उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी अनुसार निर्दिष्ट किया गया है, परन्तु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गल्ल कथन या विलोपन हेतु जिम्मेवार नहीं होगा।
(3) नीलामी बिक्री ई नीलामी पोर्टल https://baanknet.com. के माध्यम से ऑनलाईन की जाएगी।
(4) बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया https://baanknet.com and https://pnb.bank.in. पर जाएं और शाखा पर मिलें।
(5) खरीददार घोषित किये गए व्यक्ति को इस प्रकार की घोषणा के बाद तुरंत "प्राधिकृत अधिकारी" के पास खरीद राशि की बीस प्रतिशत राशि को जमा करवाना होगा, यह राशि जमा न करवा पाने पर, संपत्ति को पुनः नीलामी के लिए रखा जाएगा व पुनः बेचा जाएगा।

प्रतिभूति ब्याज अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक 15/30 दिन की सूचना
ऋणकर्ताओं/गारन्टरों को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे ई-नीलामी की तिथि से पहले उपरोक्त निर्दिष्ट राशि के साथ-साथ अद्यतन तिथि तक ब्याज एवं अनुषांगिक खर्चों का भुगतान कर दें, अन्यथा सम्पत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी एवं शेष देय राशि की वसूली लागत एवं ब्याज सहित की जाएगी।
दिनांक : 21.11.2026 स्थान : करनाल प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

कठिन समस्याएं अब न होंगी
सच्ची सहेली है बेहतर स्वास्थ्य के लिए सबसे भरोसेमंद औषधि एवं टॉनिक
पूर्ण स्वदेशी, पूर्ण आयुर्वेदिक
Clinically Tested*
67 दुर्लभ जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक निम्न समस्याओं में विशेष सहायक है।
Helps in:
कठिन दर्द | चिड़चिड़ापन
थकान | कमजोरी
कमर कटना | इम्यूनिटी
सच्ची सहेली
24x7 Helpline: 77106 44444 | www.sachisaheli.in | Available at all medical & general stores